अमर उजाला 17/08/2023

पोस्टर स्पर्धा में मुस्कान रही प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ सुरेंद्र कुंडू के दिशा-निर्देशों के अनुसार कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ नीना व डॉ मनजीत कौर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान राणा, द्वितीय स्थान योगिता रावत व तृतीय स्थान हर्षिता व सुनील ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ सीमा कंसल रही। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।